आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

युवा नेता संवाद

विकसित भारत युवा नेता संवाद –2026 का दूसरा संस्करण आज नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम 12 जनवरी तक चलेगा। युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि इस संवाद का औपचारिक उद्घाटन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की उपस्थिति में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को समापन समारोह में शामिल होंगे। मांडविया ने कहा कि चार दिवसीय इस कार्यक्रम में देश और विदेश से 2 हजार 5 सौ से अधिक युवा भाग लेंगे। इसमें हिमाचल से 65 युवा और 5 एस्कॉट भी शामिल होंगे।

पंचायत चुनाव

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार व चुनाव आयोग को 30 अप्रैल से पहले पंचायत चुनाव करवाने के आदेश दिए हैं। अदालत ने 28 फरवरी 2026 तक चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूरी करने को कहा है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व न्यायाधीश रोमेश वर्मा की अदालत ने ये फैसला सुनाया है।

गडकरी–कैशलेस योजना

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेंगे। गडकरी ने नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों और परिवहन विकास परिषद की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कम से कम सात दिनों के लिए एक लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

विक्रमादित्य

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण–चार के तहत प्रदेश में बनने वाली 2 सौ 49 सड़कों के लिए 23 सौ करोड़ की राशि मंजूर की है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सड़कों की मंजूरी और राशि जारी करने के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कल नई दिल्ली में मुलाकात कर उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष अप्रैल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण चार के तहत कार्य शुरू होगा और 15 सौ किलोमीटर नई सड़कें बनाई जाएंगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्र द्वारा इस धनराशि को स्वीकृति देने के बाद राज्य के जनजातीय व दूरदराज के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी।

पेयजल योजना

देश–विदेश में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी चम्बा जिला की पर्यटन नगरी डलहौज़ी में 65 करोड़ रुपए की एक नई पेयजल योजना को लागू किया गया है। इस योजना के लागू होने से डलहौज़ी के लोगों को राहत मिलेगी।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने श्रम कानूनों में एतिहासिक सुधार किया है और इसके दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने नई दिल्ली में वित्त समिति की बैठक में भाग लिया। सुरेश कश्यप ने कहा कि केन्द्र सरकार ने एक बड़े व एतिहासिक सुधार के तहत देश में लागू 29 श्रम कानूनों को 4 श्रम संहिताओं में एकीकृत किया है। उन्होंने कहा कि श्रम कानूनों का ये नया ढांचा व्यापार करने की आसानी को बढ़ावा देता है और मजदूरों के लिए सामाजिक व मजदूरी सुरक्षा को भी व्यापक बनाता है।